हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 अगस्त 2025

06 अंबर वैद्य ने यूसीमास नेशनल प्रतियोगिता ...



07 वर्धमान विद्यालय में दो दिवसीय मिट्टी के गणेश ...





## खबर संक्षेप

### कॉलेज में युवा और धर्म कार्यक्रम आज

**नर्मदापुरम।** माखन लाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखननगर में प्रज्ञा प्रवाह संगठन का यूथ एंड धर्म कार्यक्रम का आयोजन सोमवार सुबह 11 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विवि में आयोजित निबन्ध और भाषण प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्रज्ञा प्रवाह के विभाग संयोजक प्रमोद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रज्ञा प्रवाह के मध्य भारत प्रांत के युवा आयाम प्रभारी अभिषेक शर्मा संबंधित विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### जिला रेडक्रास की बैठक का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** जिला रेडक्रास शाखा की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में 25 अगस्त को दोपहर 3 बजे से रेवा सभाकक्ष कलेक्टर कार्यालय में होगी। बैठक में जिला रेडकास प्रबंध समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। बैठक में सभी लोगों से शामिल होने की बात कही है।


### जिले में अब तक औसत बारिश से 88 मिमी अधिक हुई बारिश

# बारिश का दौर जारी, खुले तवा के 3 गेट, 27 अगस्त तक यलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले छ: दिनों से हो रही बारिश रविवार को भी जारी रही। दिन भर रूक-रूककर बारिश हुई वहीं रात्रि में जोरदार बारिश हुई।

पिछले लगभग एक सप्ताह से बारिश का दौर जारी है कभी तेज तो कभी रूक-रूककर बारिश हो रही है। वहीं तवा और नर्मदा नदी में भी जलस्तर बढ़ रहा है। रविवार सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही। वहीं शाम को जोरदार बारिश से शहर की सड़के तरबतर हो गई। लगातार बारिश से उमस में राहत मिली है। और वातावरण में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग के अनुसार 27 अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। जिले में फिलहाल भारी बारिश की स्थिति नहीं है। स्थानीय दबाव और श्रीगंगानगर-ग्वालियर की ओर बनी ट्रफ लाइन से बारिश का दौर जारी रहेगा। 25 अगस्त तक ओडिशा और बंगाल की खाड़ी की ओर नया कम दबाव बनने की संभावना है।





**बरसाती झरनों से गुलज़ार हुई पचमढ़ी**

प्रदेश में लगातार हो रही भारी बरसात का असर पचमढ़ी में भी देखने को मिल रहा है।पचमढ़ी में लगभग हर पहाड़ से बरसाती झरने देखने को मिल रहे हैं। पचमढ़ी के प्रमुख पर्यटन पॉइंट वाले झरनों को छोड़ दें तो बरसाती झरने पर्यटकों को काफी पसंद आ रहे हैं। बारिश और कोहरे की धुंध से पचमढ़ी मानसून में काफी सुंदर नजर आ रही है।

**जिले में अब तक 1071.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज**

जिले में 1 अब तक जिले में 1071.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 982.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 23 अगस्त से 24 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 27.6 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 13.0 मिलीमीटर, इटारसी में 23.0 मिलीमीटर, माखननगर में 17.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 37.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 60.5 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 45.8 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 28.5 एवं तहसील डोलरिया 19.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 941.70 फीट है, तवा जलाशय का 1163.70 फीट है, बरगी जलाशय का 421.25 मीटर एवं बारना जलाशय 348.19 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

**किसानों के चेहरे खिले, फसलों के लिए बरस रहा अमृत**

जिले में लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे भी खिले हुए हैं। जहां धान के खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी भरा हुआ है वहीं सोयाबीन और अन्य फसलों के लिए भी यह पानी लाभदायक है। किसानों का कहना है कि इस सीजन में अभी तक बेहतर बारिश हुई है जिससे खेतों में आल बनी हुई है। जो फसलो की बढ़त के लिए अच्छी है।

## यातायात व परिवहन विभाग की संयुक्त जांच, बनाए गए चालन

**नागरिकों को सुरक्षा से किया जा रहा जागरुक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार निरंतर अभियान चलाया गया। रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने पर 18 हज़ार रुपए से अधिक की चालानी कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान नर्मदापुर में माखननगर रोड एवं ऋषि फिलिंग स्टेशन के पास 22 चालान कर 11200 रुपए की कार्यवाही, पिपरिया में 5 चालानों से 2600 रुपए, इटारसी में 08 चालानों से 2400 रुपए तथा सिवनी मालवा में 07 चालान 2700 रुपए के जुर्माना की कार्यवाही की गई।

**हेलमेट पहनने के लिए किया जा रहा जागरुक**

जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जनहानि दोपहिया वाहन चालकों की होती है और हेलमेट ही वह सुरक्षा कवच है जो सिर को गंभीर चोटों से बचाता है तथा जीवन रक्षा में सबसे अहम भूमिका निभाता है। इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग केवल नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का अनिवार्य साधन है। इसलिए सभी निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का अनुसरण करें और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## स्वास्थ्य विभागीय नवाचारों पर कार्यक्रम का प्रसारण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु 25 अगस्त सोमवार को दोपहर 2.30 बजे जबलपुर स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चरल इन्फोरमेशन सेंटर में मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में पीपीपी मॉडल पर 4 नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना हेतु अनुबंध हस्ताक्षर, श्योपुर व सिंगरौली में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की शुरुआत की घोषणा तथा आयुष्मान सखी स्मार्ट चैटबॉट, 8 लाख वय वंदना कार्ड वितरण, 1 करोड़ यकृत स्क्रीनिंग पूर्णता, "आशाओं से सीधा संवाद" और नवीन मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड जैसी पहल शुरू की जाएंगी। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नर्मदापुरम जिले में भी स्थानीय स्तर पर किया जाएगा।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलीं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री निवास 'मुख्यमंत्री सेवा सदन' में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया जी ने दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट मातृशक्ति के सशक्त प्रतिनिधित्व का प्रतीक रही, जिसमें दोनों ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विकास तथा संगठनात्मक सहयोग पर चर्चा की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी ने माया नारोलिया जी को उनके सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मुलाकात के दौरान सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। माया नारोलिया जी ने मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके नेतृत्व में दिल्ली के चहुंमुखी विकास की सराहना की। यह भेंट न केवल दो प्रभावशाली महिला नेताओं के संवाद का अवसर बनी, बल्कि मातृशक्ति के संगठनात्मक मजबूती की ओर भी एक सशक्त संकेत रही।

## तवा नदी के बैकवाटर में मिले मृत बाघ के कटे पंजे तलाशने में लगा विभाग का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



एसटीआर और वन विकास निगम की सीमा के बीच तवा नदी के बैकवॉटर में शुक्रवार को शिकार हुआ टाइगर मृत हालत में मिला। बाघ की उम्र करीब 12-13 साल बताई जा रही है। तीन दिन बाद भी उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शिकारियों को पकड़ना तो दूर, अफसर अब तक यह भी तय नहीं कर पाए हैं कि बाघ किस क्षेत्र का था। तवा नदी में मिले मृत बाघ के शिकारियों को खोजने के लिए एसटीआर की टीम के अलावा रातापानी टाइगर रिजर्व और छिंदवाड़ा से एक-एक डॉग लगाया गया है। शनिवार को सुबह से शाम तक तीनों डॉग, टाइगर स्ट्राइक फोर्स, एसटीआर, सामान्य वन मंडल और वन विकास निगम का अमला बढ़ चापड़ा समेत आसपास शिकारियों और बाघ के कटे पंजे की खोजबीन में लगा रहा। पहले दिन टीम को कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी। शिकार हुआ बाघ एसटीआर का था या टेरिटोरियल जंगल का, यह एसटीआर और वन विभाग के जिम्मेदार अफसर नहीं बता पा रहे हैं। टाइगर की पहचान तक अफसर स्पष्ट नहीं कर पा रहे। शिकार हुआ टाइगर करीब 12-13 साल का था। उसकी लंबाई करीब 7 फीट से ज्यादा थी और वह काफी बुजुर्ग था। फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि शिकारियों की सर्चिंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। एसटीआर के अलावा दो और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि मेल टाइगर की उम्र करीब 12-13 साल है, लेकिन उसकी पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## पेट्रोल पंप से 1.10 लेकर भागा कर्मचारी, इंदौर में पकड़ाया, बैंक में जमा करने निकला था राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के माखननगर में 1.10 लाख रुपए लेकर फरार होने वाला पेट्रोल पंप कर्मचारी इंदौर से गिरफ्तार हुआ। आरोपी राममोहन यादव ढाई माह से फरार था, जो इंदौर में विश्वास नगर में रह रहा था। माखननगर थाना पुलिस ने आरोपी राममोहन यादव को इंदौर से अरेस्ट किया। रविवार को उसे माखननगर लाया गया।

माखननगर थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया आरोपी राम मोहन यादव (32) निवासी बागलखेड़ी आरी के पेट्रोल पम्प में काम करता था। पेट्रोल पंप पर लेखा जोखा और कैश कलेक्शन का काम करता था। 3 जून को दोपहर 12 बजे पेट्रोल पम्प से नकद 1 लाख 10 हजार रुपए एचडीएफसी बैंक माखननगर में जमा करने गया था। जिसने बैंक में रुपए जमा करने के बजाय आरोपी राममोहन यादव फरार हो गया था। जिसकी रिपोर्ट माखननगर थाने में केस दर्ज किया था।

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर माखननगर पुलिस ने शनिवार रात को आरोपी राममोहन यादव को विश्वासनगर थाना किशन गंज इन्दौर से अरेस्ट किया। कार्रवाई में टीम में थाना प्रभारी मदनलाल पवार, उपनिरीक्षक कमलेश ठाकुर, गोपाल पाल, प्रधान आरक्षक अजय रघुवंशी, आरक्षक दुर्गेश मालवीय, साइबर सेल आरक्षक दीपेश सोलंकी, सौरभ बंसल ( प्राइवेट चालक) की विशेष भूमिका रही।

## केंद्रीय जेल खंड में ऑर्थो कैंप का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्रीय जेल खंड ब के सजायफ्ता कैदियों के लिए सेठा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से ऑर्थो कैंप आयोजित हुआ जहाँ पर डॉ. स्पर्श जैन ने लगभग 60 कैदियों का ऑर्थो सम्बन्धी उपचार किया, कैंप के आयोजन में समाजसेवी भावना बिष्ट एवं हेल्थ काउंसलर डॉ.मयंक तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन हेतु सहायक जेल अधीक्षक योगेश शर्मा और उप जेल अधीक्षक ऋतुराज सिंह दांगी ने सभी का आभार माना, इस दौरान हॉस्पिटल स्टाफ से अभिषेक जैन, नमन मलैया और जेल कर्मचारी उपस्तिथ रहे।

## श्री गणेश महोत्सव पर नगर में पीओपी की मूर्तियां रहेंगी पूर्णतः प्रतिबंधित- नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव रविवार को देर शाम गुप्ता ग्राउंड में बन रही मूर्तियों के पंडालों का निरीक्षण किया गया। सभी मूर्तिकारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति पीओपी की मूर्ति न तो बनाएगा और ना ही बाजार क्षेत्र में विक्रय के लिए रखेगा। ऐसा करते पाया जाता है तो पीओपी की मूर्तियां जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सिर्फ और सिर्फ मिट्टी की प्रतिमा बनाई जाए। निरीक्षण के नपा अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, राहुल चौरे सहित सभी मूर्तिकार उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि हम पीओपी की बजाय मिट्टी के गणेश स्थापित करें, क्योंकि पीओपी एवं केमिकल रंगों से बनी प्रतिमाएं न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। घरों-घर विराजित होने वाले गणेश जी की प्रतिमाएं मिट्टी की हों ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। घरों में सिद्ध गणेश (माटी गणेश) विराजमान हो सकें। इसलिए बाजार क्षेत्र में प्लास्टर आफ पेरिस तथा केमिकल युक्त रंगों की प्रतिमाओं के क्रय विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है। बाजार क्षेत्र में नगरपालिका की टीम को अर्लट कर दिया गया है। नपाध्यक्ष यादव ने कहा कि नगर के स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों द्वारा मिट्टी की प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं जो कि काबिले तारीफ हैं।

## 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान शिविर में किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर रविवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नर्मदापुरम के तत्वाधान में ब्रह्माकुमारी आश्रम विक्रम नगर, रसूलिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 43 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ नर्मदापुरम नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव, अर्चना पुरोहित, समाजसेविका नीरजा फौजदार, ट्रैफिक डीएसपी संतोष मिश्रा, सेमेरिटन स्कूल के एमडी आशुतोष शर्मा, डीएचओ डॉ. सुनीता नागेश, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुनील जैन, आदि उपस्थित रहे।

**नर्मदापुर युवा मंडल ने मातृशक्तियों का पुष्पवर्षा कर किया सम्मान**

## सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में मातृशक्तियों ने गए गीत सुनाई कविताएं, श्रोता हुए, मंत्रमुग्ध बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा नेहरू पार्क में प्रति रविवार फन म्यूजिक मस्ती के लिए आयोजित होने वाले सुरीला नर्मदापुरम संगीत कार्यक्रम इस रविवार को मातृशक्ति को समर्पित रहा। नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल ने बातया कि यह संगीतमय कार्यक्रम उन रिश्तों को समर्पित रहा जिनके बिना जीवन अधूरा है। माँ, बहन, बेटी और पत्नी यह वो रिश्ते है जो हमारे जीवन की डोर को प्रेम से बाँधकर रखते है। इस संगीत कार्यक्रम में मातृ शक्तियों द्वारा ही गीत गाए गए। कार्यक्रम से जुड़े मनीष परदेशी ने बताया कि इस रविवार को हुए सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में शहर के मातृ शक्तियों का सम्मान भी किया गया। सभी मातृ शक्तियों पर पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया। शहर के 50 से अधिक मातृ शक्तियों का इस दौरान सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से नपा अध्यक्ष नीतू यादव, समाजसेवी नीरज फोजदार, गीता मीणा, वंदना दुबे विशेष रूप से उपस्थित रही। नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम स्थानीय गायक कलाकारों को एक मंच प्रदान करने का कार्य कर रहा है। नपा अध्यक्ष श्रीमती यादव ने भी इस दौरान भजन गाए।

कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत , नंदकिशोर यादव, कमल झा, अनुप रिछारिया, विजय चौकसे, सुमित गौर, विशाल दीवान, कमल चव्हाण, सुंदरम अग्रवाल, हरीश मांझी, प्रकाश आहूजा, आरती खंडेलवाल, ज्योति रैकबार, प्रगति शर्मा, छाया खंडेलवाल, आशीष वर्मा, प्रशांत कन्नौजिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सम्मान के बाद नेहरू पार्क में रविवार शाम को महिलाओं ने भी गीत गाए। तो वहीं किसी ने कविताभी सुनाई।

## श्री धाम वृदांवन में कथा में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री जगन्नाथ मन्दिर धर्मशाला परिक्रमा मार्ग वृदांवन मे चल रही श्री मद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा में भगवान कृष्ण कन्हैयालाल का जन्म महा महोत्सव बडे धूम धाम से मनाया। कथा वाचक पंडित राकेश दीक्षित महाराज ने बड़े सुन्दर सुन्दर भजन सुनाए एवं श्री धाम वृदांवन मे भगवान की कथा का बडा महत्व बताया कि कितने जन्मो का पुन्य उदय होता है, तब कही जाकर बृज में कथा श्रवण करने का सौभाग्य मिलता है। पंडित दीक्षित ने बताया कि बिना श्री जी राधा रानी की कृपा के बिना कोई वृदांवन में प्रवेश नहीं कर सकता, तो हम तो बड़े भाग्य माने की श्री जी की बड़ी कृपा है कि हम वृदांवन मे कथा कर रहे हैं और भगवान का जन्मोत्सव मना रहे हैं और भाग्य शाली यजमान गणेश प्रसाद गौर एवं समस्त गौर परिवार ग्राम चबोरा तह. सिवनी मालवा जिला म. प्र. जो कि वृदांवन उत्तर प्रदेश में कथा करा रहे हैं ।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश को मिलेंगे 4 नए मेडिकल कॉलेज

**बैतूल।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल इन्फॉर्मेशन सेंटर जबलपुर में 25 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा पीपीपी मॉडल पर 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के लिए अनुबंध हस्ताक्षर श्योपुर एवं सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रारंभ होने की घोषणा की जाएगी। इस दौरान लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न नवाचारों का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सोमवार को जिला अस्पताल बैतूल के एमसीएच भवन में दोपहर 2.30 बजे आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से देखा जाएगा। सीएमएचओ डॉ. हुरमाड़े ने बताया कि जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा 8 लाख वय वंदना पीवीसी कार्ड वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ, स्मार्ट चैटबॉट आयुष्मान सखी का शुभारंभ, स्वस्थ यकृत मिशन अंतर्गत 1 करोड़ स्क्रीनिंग की पूर्णता उपलब्धि की घोषणा।

### शिक्षक संघ ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाहपुर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के आवाहन पर शासकीय कन्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में ब्लॉक इकाई मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा सदस्यता अभियान चलाया। इस अभियान में जिला संगठन मंत्री बीआर ठाकरे, ब्लॉक संयोजक अंबुज पांडे, सहसंयोजक कमलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष ब्लॉक शाहपुर लोकेश जोठे के द्वारा समस्त शिक्षक स्टाफ को सदस्यता ग्रहण करवाई गई।

### अन्तर्राष्ट्रीय विश्व रंग सर्जना साधना प्रदर्शनी में डॉ.कीर्ति हुए सम्मानित

**बैतूल।** भोपाल सदैव कला और संस्कृति का एक समृद्ध केन्द्र रहा है। यहां के कला शिक्षकों ने न केवल विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया है बल्कि अपनी रचनाओं से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। इन्हीं शिक्षकों के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी भोपाल रवीन्द्रनाथ टैगोर में बैतूल के कलाकार भोपाल में सम्मानित हुए डॉ.कीर्ति सिंह सम्मानित हुए। वर्तमान में किर्ती शासकीय गीतांजलि कन्या महाविद्यालय में फाइन आर्ट्स विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। इनकी ललित कला दीर्घा रवीन्द्र भवन मध्यप्रदेश में आयोजित सर्जना साधना कला प्रदर्शनी में अपनी दो कलाकृति प्रदर्शित की है जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इनकी इस उपलब्धि पर बैतूल के कला प्रेमियों ने बधाई दी है।

### अतिथि शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**बैतूल।** जिले के समस्त अतिथि शिक्षकों को आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ द्वारा रविवार को कर्मचारी भवन में बैठक संपन्न हुई। जिसमें अनुभव आधारित अतिथि शिक्षको की एक सूची जो लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मांगी गई है को जमा कर सभी अतिथि शिक्षकों के अनुभव प्रमाण पत्र जमा किए जाना है।

---

### लोग लकड़ियों के सहारे कर रहे शवों का दाह संस्कार

# 50 लाख की लागत से बना गैस चलित शवदाह गृह, लेकिन अब तक शुरू नहीं

संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल



प्रदूषण कम करने और लकड़ी की खपत रोकने नगरपालिका ने कोठीबाजार मोक्षधाम में 50 लाख रुपए खर्च कर गैस शवदाह गृह बनवाया है। यहां बिल्डिंग तैयार है, चिमनी और मशीनों का इंस्टालेशन भी हो चुका है। अंदर फिनिशिंग का कुछ काम बाकी है और सबसे बड़ी समस्या है संचालन। यह स्पष्ट नहीं है कि मशीन चलाएगा कौन और इसे संचालित करने की प्रक्रिया क्या होगी। यही वजह है कि मशीन की टेस्टिंग तक नहीं हो सकी। विगत छह माह से मशीनें आकर पड़ी हैं, लेकिन इसकी टेस्टिंग भी अभी तक नहीं की गई है। बता दे कि कोरोना काल में शवदाह की परेशानी को देखते हुए नगरपालिका ने गैस चलित शवदाह गृह बनाने को मंजूरी दी थी, लेकिन साढ़े तीन साल गुजर जाने के बाद भी अभी तक शवदाह गृह शुरू नहीं हो पाया है। नगरपालिका अधिकारी भी इसे शुरू करने की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। बताया गया कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने पर इसे रिवाइज भी किया था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो सका है।

#### लकड़ी से दाह संस्कार महंगा, समय भी लगता है ज्यादा

परंपरागत शवदाह के लिए चार से पांच क्विंटल लकड़ी लगती है, जिस पर चार से साढ़े चार हजार रुपए तक खर्च आता है। गरीब परिवारों के लिए यह बड़ी चुनौती है। बारिश में गीली लकड़ी के कारण दाह संस्कार में कई घंटे लग जाते हैं। वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण लोगों को दाह संस्कार के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि गैस चलित शवदाह गृह में दो एलपीजी सिलेंडर के उपयोग से मात्र 30 मिनट में दाह संस्कार संभव हो जाता है। इसके अलावा खर्च भी कम और चिमनी के जरिए धुएं को फिल्टर कर बाहर छोड़ा जा सकता है। जिससे प्रदूषण में कमी आयेगी बताया गया कि लकड़ी पर निर्भरता खत्म करने और पर्यावरण प्रदूषण कम करने का यह प्रयास लेटलतीफी का शिकार हो गया है।

#### कोरोना काल के बाद नपा ने लिया था बनाने का निर्णय

कोरोना काल के दौरान शवदाह को लेकर आई कठिनाइयों के बाद नगरपालिका ने गैस चलित शवदाह गृह बनाने का निर्णय लिया। परिषद से स्वीकृति के बाद टेंडर जारी कर कोठीबाजार मोक्षधाम में निर्माण शुरू हुआ, ठेकेदार ने बिल्डिंग तैयार करने में ही दो साल निकाल दिए। इसके बाद बिल्डिंग तैयार हुई और मशीने भी आ गई। चिमनी और मशीनों का इंस्टालेशन भी हो चुका है। लेकिन गैस चलित शवदाह गृह शुरू नहीं हो पाया है। लोग आज भी लकड़ियों के सहारे ही शवों का दाह संस्कार कर रहे है। जानकार बताते है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मशीन चलाएगा कौन और इसे संचालित करने की

#### काम अधूरा है

कोठीबाजार मोक्षधाम में शवदाह गृह के अंदर फिनिशिंग का काम अधूरा है, जिसे पूरा कराया जाना अभी बाकी है। इसके बाद गैस चलित शवदाह गृह का संचालन शुरू किया जाएगा।

सतीश मटसेनिया,
सीएमओ नगरपालिका बैतूल

---

### प्रेम प्रसंग की आशंका

## बरबतपुर रेलवे स्टेशन पर युवक-युवती के मिले शव



**शाहपुर।** जिले के बरबतपुर रेलवे स्टेशन पर बीती रात एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ है, जिसमें युवक और युवती के कटे हुए शव रेलवे ट्रैक पर मिले हैं। यह घटना नागपुर-इटारसी डाउन ट्रैक पर हुई। सूचना मिलते ही टीआई मुकेश ठाकुर के साथ पुलिस बल व रेलवे पुलिस के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक युवक की पहचान 20 वर्षीय शिवकुमार परते के रूप में हुई, जो शाहपुर थाना क्षेत्र के गौनापुर का निवासी है। वहीं, युवती की पहचान हरदा जिले से संबंध रखने वाली बताई जा रही है। दोनों शव रेलवे ट्रैक पर बुरी तरह क्षत-विक्षत स्थिति में पाए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह घटना बीती रात लगभग 2 बजे की है। टीआई मुकेश ठाकुर ने बताया कि इस घटना के पीछे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस अभी यह जांच कर रही है कि मामला एक दुर्घटना है या आत्महत्या का। इसके लिए मृतकों के परिवार को बुलाया गया है ताकि उनकी उपस्थिति में शवों की पहचान की जा सके। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर भेजा गया। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से पड़ताल कर रही है और घटना के संबंध में पूरे तर्क का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। इस घटना से प्रेम प्रसंग के संदेह की बात को भी बल मिला है। टीआई मुकेश ठाकुर ने बताया कि पहले सभी पहलुओं पर गौर किया जाएगा और मृतकों के परिजनों से भी बात की जाएगी, ताकि घटना के सही कारणों की जानकारी प्राप्त हो सके।

### दो बाइक की टक्कर में चालक घायल

**बैतूल।** जिले के ग्राम कोदारोटी में रविवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चिचोली जामठी के 50 वर्षीय राजेंद्र उइके और झाड़ेगांव के 21 वर्षीय राहुल मर्सकोले शामिल हैं। दुर्घटना दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हुई। टक्कर के बाद दोनों सडक पर गिरकर बेहोश हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। राजेंद्र की स्थिति अधिक गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर किया गया है। राहुल का आईसीयू में इलाज जारी है। उसके सिर और नाक पर चोट आई है। वह अभी बोल नहीं पा रहा है। राहुल बिल्डिंग में मजदूरी करता है और अपनी बहन के घर गढ़ा जा रहा था। पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और मोड़ पर नियंत्रण खोना दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

---

### नगर में गणेश उत्सव की धूम

## बाजार में सजने लगी गणेश प्रतिमाओं की दुकानें



**सारणी।** आगामी गणेश चतुर्थी को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। गणपति बप्पा के स्वागत की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। बाजारों में गणेश जी की मूर्तियों की दुकानें सजने लगी हैं।

छोटे-बड़े और आकर्षक डिज़ाइन की मूर्तियाँ श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बाजार में पारंपरिक मूर्तियों के साथ-साथ आधुनिक डिज़ाइन और रंगों वाली मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार खरीदारों की विशेष रुचि इको-फ्रेंडली मूर्तियों में दिखाई दे रही है। मिट्टी से बनी मूर्तियाँ और प्राकृतिक रंगों से रंगी प्रतिमाएँ ज्यादा बिक रही हैं। सिर्फ मूर्तियाँ ही नहीं, बल्कि पूजा सामग्री, सजावटी सामान, रंग-बिरंगी झालर और लाइटिंग से भी बाजार गुलज़ार हैं। शाम होते ही मुख्य बाजारों में भीड़ बढने लगती है और लोगों में गणेशोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय गणेश मंडलों ने भी भव्य पंडाल सजाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जगह-जगह समितियों द्वारा सजावट की रूपरेखा बनाई जा रही है। कई मंडलों ने थीम-आधारित पंडाल बनाने की योजना बताई है, वहीं बच्चों में झांकियों को लेकर उत्सुकता है। गणेश चतुर्थी पर इस बार विशेष आकर्षण के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन संध्याओं और झांकियों की भी तैयारियां हो रही हैं। लोगों का मानना है कि गणपति बप्पा के आगमन से पूरे शहर का माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो जाता है।

---

### गुरुदेव ने कहा- साधना ही मोक्ष का मार्ग

## 'पर्यूषण पर्व त्याग, तपस्या और क्षमादान का संदेश देता है'



**बैतूल।** पर्यूषण पर्व के पांचवे दिवस पर पूज्य गुरुदेव आडा आसन त्यागी शीतलराज जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यूषण पर्व वर्ष में 365 दिनों में केवल एक बार आता है। यह पर्व हमें त्याग, तपस्या, संयम, धीरज और क्षमादान के लिए प्रेरित करता है। इस पावन पर्व पर हमारे अनंत बुरे कर्मो का क्षय होता है। इसलिए इस पर्व में अधिक से अधिक पौषद, संवर और तप करना चाहिए, अधिक समय तक मौन साधना करना चाहिए। साधना ही मोक्ष का मार्ग है। गुरुदेव शीतलराज महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान महावीर ने तप, जप, शांति और सहनशीलता के बल पर अनेक जन्मों के बुरे कर्मों का क्षय किया था। उन्होंने कठिन घोर उपसर्गों को नम्र भाव से सहते हुए मोक्ष की प्राप्ति की और तीर्थंकर पद पाया। जब हमें मानव तन मिला है तो हम क्यों न जप, तप और साधना द्वारा अपनी आत्मा का कल्याण करें। इस अवसर पर गुरुदेव ने तपस्वियों की तपस्या का प्रत्याख्यान करवाया। सुबह और दोपहर के सत्र में शिखरचंदजी छाजेड और विमलचंदजी छाजेड ने अन्तगढ़ सूत्र का वाचन किया। वहीं दोपहर को गुरुदेव ने मौन मांगलिक फरमाया। ज्ञात हो कि पूज्य गुरुदेव शीतलराज जी महाराज का यह बैतूल में द्वितीय चातुर्मास है। इस पावन पर्व में छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रावक और श्राविकाएं उपस्थित होकर धर्म का लाभ ले रहे हैं। उक्त आशय की जानकारी सतीश पारख ने दी।

---

## युवक की हत्या का खुलासा, महिला ने शव छिपाने में की मदद, दोनों गिरफ्तार

### नाबालिग ने कुल्हाड़ी से वार कर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

रानीपुर थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय युवक की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया गया है। पुलिस ने एक महिला और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम ओझाढाना निवासी अभिषेक पिता दिनेश उइके उम्र 22 वर्ष का शव अज्ञात अवस्था में नदी किनारे झाडियों में पड़ा हुआ है, जिसके सिर और चेहरे पर गहरे चोट के निशान थे। मृतक की पहचान उसके परिजनों द्वारा की गई। घटनास्थल निरीक्षण के दौरान मामला प्रथम दृष्टया हत्या का पाए जाने पर थाना रानीपुर में धारा 103(1), 61(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी तथा एसडीओपी सारणी श्रीमती प्रियंका करचाम के निर्देशन में टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त सूचना के आधार पर जाँच प्रारंभ की। जिला सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई।



#### खेत की फसल चराई को लेकर चल रहा था विवाद

प्रारंभिक विवेचना के दौरान यह पाया गया कि मृतक व आरोपी बालक के बीच लंबे समय से खेत की फसल के चराई (खट) को लेकर विवाद चल रहा था। 05 अगस्त को जब आरोपी बालक ने मृतक को उसके खेत में रोककर बोला कि वह अब फसल नहीं चराएगा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और आरोपी बालक ने मृतक के सिर व चेहरे पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद श्यामवती पति धीरू धुर्वे के साथ मिलकर घटना को दुर्घटना दर्शाने के उद्देश्य से लाश को खींचकर देवना नदी किनारे झाडियों में छुपा दिया। प्राप्त साक्ष्यों एवं तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी श्यामवती पति धीरु धुर्वे, उम्र 40 वर्ष, निवासी रातामाटी थाना रानीपुर और नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

---

## साहित्य अकादमी से सम्मानित होंगे प्रवीण गुगनानी

### अलंकृत होंगे ताम्रपत्र से व मिलेगी एक लाख की राशि



**बैतूल।** साहित्य अकादमी, मप्र कल 25 अगस्त को भोपाल के रविंद्र भवन में अपना अलंकरण समारोह आयोजित करने जा रही है। इस समारोह में मुख्य अतिथि मप्र के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी रहेंगे। साथ ही आईएएस अधिकारी, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रसन्नता का विषय है। इस अलंकरण समारोह में बैतूल के लेखक, विचारक, स्तम्भकार एवं साहित्यकार प्रवीण दाताराम गुगनानी साहित्य अकादमी द्वारा अलंकृत एवं सम्मानित किये जाएंगे। ज्ञातव्य है कि प्रवीण दाताराम के काव्य संग्रह स्वप्न ही तो है कविता को साहित्य एकेडेमी द्वारा राष्ट्रीय स्तर के अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। इस अलंकरण समारोह में प्रवीण को एक लाख की नगद राशि एवं ताम्र पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सभी मित्रो, बन्धुओं एवं शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि हेतु उन्हें हार्दिक बधाइयां प्रेषित की है।

---

## अंबर वैद्य ने यूसीमास नेशनल प्रतियोगिता में जीता सेकेंड रनरअप का खिताब



**बैतूल।** बैतूल के होनहार छात्र अंबर वैद्य ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे बैतूल जिले के साथ-साथ अपने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित यूसीमास की 24वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंबर ने पूरे भारत में सेकेंड रनरअप प्राप्त कर परचम लहराया। अंबर वैद्य बैतूल जिला अस्पताल में पदस्थ अखिलेश वैद्य के सुपुत्र हैं। अंबर की यह सफलता अचानक नहीं आई, बल्कि जनवरी से अगस्त तक उनकी निरंतर मेहनत, लगन और गणितीय कौशल ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। जनवरी 2025 में आयोजित जिला स्तरीय यूसीमास प्रतियोगिता में अंबर ने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स का खिताब हासिल किया। इसके बाद अप्रैल 2025 में इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय यूसीमास प्रतियोगिता में अंबर ने पूरे मध्यप्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया था। लगातार तीन बड़ी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंबर वैद्य ने यह सिद्ध कर दिया कि लगन और समर्पण से कोई भी ऊँचाई हासिल की जा सकती है। हैदराबाद में 17 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर के 291 प्रतिभागियों में से चयनित 30 बच्चों को ही फाइनल राउंड में भाग लेने का अवसर मिला था, जिनमें अंबर ने अपने गजब के गणनात्मक कौशल के दम पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। हैदराबाद के एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

### लोगों ने दी श्रद्धांजलि

## चिचोली नप के पूर्व अध्यक्ष संतोष मालवीय का निधन



**बैतूल।** चिचोली नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष मालवीय का रविवार को नागपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले एक सप्ताह से अस्वस्थ चल रहे थे। 71 वर्षीय मालवीय का राजनीतिक सफर बेहद रोचक रहा है। वे नगर परिषद बनने से पहले चिचोली ग्राम पंचायत के सरपंच थे। उनके कार्यकाल में मध्य प्रदेश में पहली सीमेंट रोड का निर्माण चिचोली में ही हुआ था। इस उपलब्धि के लिए राज्य सरकार ने उन्हें सम्मानित भी किया था। चिचोली के प्रतिष्ठित मालवीय परिवार की भाजपा में मजबूत पकड़ रही है। उनकी पत्नी सुलोचना मालवीय नगर परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं। वर्तमान में उनकी छोटी बहू वर्षा रितेश मालवीय नगर परिषद की अध्यक्ष हैं। उनके बेटे आशुतोष बाली मालवीय युवा भाजपा नेता हैं। श्री मालवीय चिचोली में विकास कार्यों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने क्षेत्र में सर्वाधिक प्रधानमंत्री आवास दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले 13 वर्षों में 15 वार्डों में नल-जल योजना, तालाब सौंदर्यीकरण जैसे कई विकास कार्य करवाए। उनके बेटे रितेश मालवीय ने बताया कि सोमवार सुबह चिचोली के कोढ़र मोक्ष धाम में वैदिक रीति रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। निधन की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

---

### नवाचार करते हुए मूर्तियों में डाले गए बिल्व वृक्ष के बीज

## माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत मिट्टी के गणेश जी बनाने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा सभी नवांकुर प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों को मिट्टी से भगवान गणेश की मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक दुर्गा प्रजापति ने सभी प्रतिभागियों को सुंदर ढंग से मूर्ति बनाना सिखाया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल गुरुजी, जनपद सदस्य प्रदीप विश्वास जिला समन्वयक प्रिया चौधरी रूपचंद यादव, नरेन्द्र उइके, प्रो.हेमंत निरापुरे, विकासखंड समन्वयक संतोष सिंह राजपूत, सहित सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी,प्रस्फुटन अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त मेंटर्स उपस्थित रहे। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और गणेश चतुर्थी पर्व पर जन-जन को पवित्र माटी और गौमाता के गोबर से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना है, ताकि जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनी रहे और प्राकृतिक संतुलन भी अक्षुण्ण रहे। इस



अवसर पर किया गया नवाचार इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवाचार किया गया जिसमें सभी गणेश जी की मूर्तियों में बिल्वपत्र के पौधों के बीच लगाए गए। इसका उद्देश्य यह है कि जब मूर्ति विसर्जित की जाएगी अपने बगीचे में बारे में खेत में तो यह बीज अंकुरित होकर पौधे बनेंगे और बड़े वृक्ष का रूप लेंगे इस तरह से पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश इस नवाचार के माध्यम से दिया गया। अंत में आभार ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत ने व्यक्त किया।

---

## मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद आंखों की देखभाल करना जरूरी है: डॉ राजेश

### युवा साहू समाज सेवा संगठन ने गाया मोतियाबिंद जांच शिविर

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल स्वास्थ्य विभाग एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में रविवार को मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश अतुलकर, डॉ शुभम शर्मा, युवा साहू समाज सेवा संगठन बैतूल के अध्यक्ष गोपाल साहू, नेत्र चिकित्सा सहायक पी निरापुरे, अनिल कटारे ने मा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मालार्पण कर नेत्र शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश अतुलकर ने कहा कि आंखें हमारे जीवन की अनमोल धरोहर है इसका विशेष ख्याल रखना जरूरी है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद जरूरी है कि आंखों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। डॉ अतुलकर ने कहा कि ऑपरेशन के बाद हरी सब्जियां फल एवं प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना जरूरी है। भारी सामान उठाने से लगभग 15 दिन तक बचना चाहिए। ऑपरेशन के बाद आंख में रात



के समय आई शील्ड एवं दिन के समय काले चश्मे का प्रयोग करना जरूरी है। ऑपरेशन के बाद अस्पताल द्वारा दी गई दवाइयां समय-समय पर आंखों में डालते रहना चाहिए। 45 साल के बाद समय-समय पर अपने आंखों की जांच चिकित्सकों से कराते रहना चाहिए । शिविर में 90 मरीजो के आंखों की जांच की गई एवं 30 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित किए गये। सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### 27 से 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू

**सीहोर।** आगामी गणेश चतुर्थी पर शहर के प्राचीन स्वयंभू पेशवा कालीन श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में 27 अगस्त से 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन होगा। कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक शुक्ला ने अधिकारियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मेला परिसर और मार्गों पर बिजली के कनेक्शन सुरक्षित स्थानों पर रखने और नो-मैन जोन बनाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी रहेगी। आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस, जीवन रक्षक दवाएं और मिनी आईसीयू सेटअप की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन किए जाएंगे। कंट्रोल रूम में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। मंदिर परिसर में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और झूलों का सुरक्षा ऑडिट भी होगा।

### नर्मदापुरम के आसपास के जिलों से आए सामाजिक नागरिक

# लवकुश जन्मोत्सव पर कुशवाहा समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

केन्द्र सरकार के बजट में प्रदेश और नर्मदांचल को क्या मिला इसकी जानकारी सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रेस वार्ता कर बताई। उन्होंने कहा बजट में नर्मदा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। जिससे जिले की तस्वीर बदलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



कुशवाहा समाज ने रविवार को शहर में लव-कुश जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। वहीं सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह भी किया गया है। शोभायात्रा का भव्य स्वागत विभिन्न संगठनों की ओर से किया गया।

समाज इकाई के इस वर्ष के आयोजन के अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा सरपंच व जिला पदाधिकारी पप्पू कुशवाहा ने बताया कि रविवार दोपहर श्री लवकुश चौराहा पेट्रोल पंप से शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए उपमंडी परिसर रवाना हुई। शोभायात्रा में क्षेत्रीय अखाड़ों के कार्यकर्ताओं ने शानदार व हैरतअंगेज कर देने वाले प्रदर्शन किये। वहीं शोभायात्रा में भगवान लवकुश व श्रीराम दरबार की भव्य व सुंदर झांकियां भी बनाई गई थीं। जिन पर रास्ते में नागरिकों ने पुष्पवर्षा की। नर्मदापुरम व अन्य जिलों से कुशवाहा समाज के हजारों नागरिक आयोजनक में शामिल हुए। शोभायात्रा का कोर्ट चौराहे पर सोहागपुर आदिवासी समाज ने, पलकमती पुल के मारुपुरा तिराहे के समीप गुर्जर समाज और गोस्वामी समाज ने, श्रीराम चौक पर सोहागपुर भाजपा परिवार ने व अन्य सामाजिक संगठनों ने जल व फल आदि के साथ अभिनंदन किया।

### किया प्रतिभाओं का सम्मान

उपमंडी में सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा सरपंच के अनुसार सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, समाज प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल सिंह कुशवाहा, मदन पटेल, नेतराम सिंह कुशवाहा, मार्शल बमोरिया, मोहन हिनखिरिया, बाबूलाल कुशवाहा ठेकेदार, मालक जी कुशवाहा जिलाध्यक्ष, मोहन कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष शीतल मौर्य आदि अतिथि रूप में उपस्थित रहे। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने समस्त कुशवाहा समाज को लवकुश जन्मोत्सव पर बधाई दी एवं समाजहित में कार्य करने की बात कही। आयोजन समिति व कुशवाहा ने आयोजन को सफल बनाने व सहभागिता पर समाज के बंधुओं व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।



# यूरिया खाद वितरण के लिए दुकानों पर लगी लंबी कतार




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया मध्यप्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार माध्यमसे यूरिया खाद कावितरण किया जा रहा है। सरकार ने प्रायवेट दुकान पर शासन से सिर्फ एक या दो गाड़ियां देने के आदेश दिए हैं। लेकिन बड़े मगरमच्छ दुकान पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया हैं।यह भी देखने में आता है छिंदवाड़ा जिले तक पहुंच रहे हैं। लेकिन तहसील कार्यालय के पास क्रषि संसार में लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं।गाड़ी आते ही छोटे-छोटे किसान यहां पर से हीलेजाते है। किसान बताते हे।

सुविधा से तथा सरकारी रेट जैसे लगभग मिलता है।मशीन पर चढ़ने केबाद ही तुरंत बाद वितरण किया गया। जबकि अन्य बड़े दुकान पर कोई अता-पता नहीं है। जबकि सभी को एक साथ दिया और डबल लाक मे एम,पी, एग्रो में बाबूलाल अहिरवार प्रबंधन के द्वारा लगातार एक किसान से ५०पैसे अधिक बसूला जा रहा है।*६७ रूपए ५०पैसे की बोरी यूरिया खाद की है।पर रशीद उतनी ही राशि की दी जा रही है। पर ५० पैसे अधिक बसूला जा रहा है। लेकिन अभी तक किसी भी वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारी सेलेकर किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की ना ही जांच कराई गई है।डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा ने तो पर्ची धारक को ही दिया है।लोगों ने बताया शहरमे डीएपी खाद कहीं नहीं है। लेकिन अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव से लेकर कोई अभी तक दुकान पर किसी की डियुटी नहीं लगी है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के शिवराज राजौरिया, जितेंद्र भार्गव, देवी सिंह चौधरी ने बताया कि किसान को परेशान करते हैं अधिकारी ही अभी तक डीएपी का डबल लाक में पहुंचकर भी रखा हे। पर्ची धारक को भी परेशानी हो रही है। लेकिन सासंदया किसी जनप्रतिनिधि संगठनके पदाधिकारीने लाइन नहीं देखी है।

# फ़ूड कंज़र्वेशन एंड प्रोसेसिंग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्थानीय कन्या महाविद्यालय में फ़ूड कंज़र्वेशन एंड प्रोसेसिंग का 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फ़ूड कंज़र्वेशन एंड प्रोसेसिंग के लिए पूजा गुर्जर द्वारा छात्राओं को 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि प्रशिक्षण से छात्राएं पाक-कला में माहिर होकर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकती है। श्रीमती गुर्जर ने छात्राओं को बताया कि इन 30 दिनों में आचार, मुरब्बा, केक, आइसक्रीम, सॉस, बर्गर, पिज्जा, बिस्किट, चटनी, आदि थ्योरी एवं प्रक्टिकल के साथ सिखाया जायगा। नोडल अधिकारी स्नेहांशु सिंह ने सभी छात्राओं को प्रशिक्षण के विषय मे विस्तार से बताया एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ. संजय आर्य ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्य-कुशलता बढ़ती है जिसके फलस्वरूप वह कार्य में पूर्णता एवं दक्षता प्राप्त कर लेता है। सफल प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# अंदरुनी मार्गों के गड्ढों में सप्ताहों से जमा बरसाती जल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में कई अंदरूनी मार्गों पर बरसात का पानी लंबे समय से जमा हुआ है। जिसमें मच्छर व रोगाणु पनप रहे हैं। सप्ताहों से भरे गंदे पानी के कारण नागरिकों को आवाजाही में कष्ट व परेशानी होते हैं। साथ ही इनमें पनपने वाले रोग वाहक कीटाणु नागरिकों को बीमार कर सकते हैं। नागरिकों ने सोहागपुर नप से अपेक्षा की है कि गड्ढों से पानी हटवाया जाए। साथ ही सड़कों का पर्याप्त पुरावव किया जाए। इसके अलावा नागरिकों ने अपील की है कि जहां पानी की निकासी नहीं हो सकती है, वहां जल में पनपने वाले रोग वाहक कीटाणुओं की समाप्ति के लिए जरूरी दवाओं का छिड़काव कराया जाए।

# वर्धमान विद्यालय में दो दिवसीय मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वर्धमान विद्यालय में दो दिवसीय मिट्टी से गणेश बनाने की कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस में कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं दूसरे दिन नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों के अभिभावक इस आयोजन का हिस्सा बने। सर्वप्रथम अतिथि डॉ अतुल पारे, वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन प्रशांत जैन तथा मूर्तिकार विवेक सनातनी ने प्रज्वलन किया। प्रशांत जैन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य अभिभावकों और बच्चों को साथ समय बिताने का अवसर देना है, साथ ही अपनी परंपरा, संस्कृति और सभ्यता से जुड़े रहने का संदेश देना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि मिट्टी से गणेश जी का निर्माण न केवल हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। गणेश निर्माण द्वारा प्रकृति को सुरक्षित रखने की प्रेरणा दी गई। यह पहल प्लास्टर ऑफ पेरिस और प्लास्टिक से बनने वाले गणेश की अपेक्षा एक बेहतर विकल्प है, जो हमारी भावनाओं, संस्कृति और प्रकृति तीनों की रक्षा करता है। इस कार्यशाला को सफल बनाने में वर्धमान जूनियर की समस्त शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# नगर शांति समिति की बैठक संपन्न, आगामी त्यौहारों को लेकर हुई चर्चा, शांति पूर्वक त्योहार मनाने बनी निर्णयों पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर नगर शांति समिति की बैठक रविवार शाम नया थाना परिसर में हुई। इस दौरान आगामी त्यौहारों की तैयारी व प्रशासनिक निर्देशों को लेकर चर्चा की गई।

नगर शांति समिति के बैठक में श्री गणेश उत्सव एवं डोल ग्यारस पर्व के दौरान सोहागपुर नगर में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गणेशोत्सव समितियों ने अपने कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर जानकारी दी। वहीं डोल ग्यारस समिति की ओर से अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने परंपरा अनुसार होने वाले कार्यक्रमों के बारे में प्रशासन को जानकारी दी। डोलग्यायस समिति की ओर से प्रशासन को बताया गया कि 127 वर्षों से डोल ग्यारस पर्व सोहागपुर मनाया जा रहा है। एवं प्रतिवर्ष पूरी रात मेला आयोजन होता है। जिसमें बाहरी छोटे व्यापारी दुकान लगाते हैं। और दो वर्षों से इन दुकानों को हटाने का प्रयास प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। समिति ने आग्रह किया है कि मेला आयोजन को बाधित न किया जाए। वहीं प्रशासन ने कहा कि पलकमती नदी के सड़क मार्ग पुल पर मेला ना लगाया जाए, जिस पर सभी ने सहमति दी है। ईद मिलादुन्नबी त्यौहार को लेकर भी चर्चा की गई। प्रशासन ने समस्त गणेश उत्सव समितियों से आग्रह किया कि शांतिपूर्वक ढंग से त्यौहार मनाया जाए। इस दौरान एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी ऊषा मरावी, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, जेई विजय धुर्वे, चौधरी राजेंद्र सिंह, कन्नूलाल अग्रवाल, मंगल सिंह रघुवंशी, विजय अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण सोनी, महेश साहू, संतोष मालवीय, मिश्रीलाल साहू, इंद्रकुमार दीवान, कांग्रेस नगर अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, राकेश चौधरी, पुरुषोत्तम पालीवाल, शिवकुमार पटेल, संजय तिवारी, नीरज चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, शंकरलाल मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, अभिनव पालीवाल, रवि उईके, मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष वसीम खान, धर्मदास बेलवंशी, शहीद खान व नगर शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मुख्य अतिथि ने शिक्षा प्रत्साहन राशि की घोषणा की सर्वोदय विद्यापीठ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर के सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंड्री स्कूल परिसर कार्यक्रम का आयोजन कियागया। बच्चोंके द्वारा विभिन्न सांस्कृतिककार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रमकी मुख्य अतिथि पूर्व प्रोफेसर शहीद भगतसिंह कालेज की रेखा रानी राठौर सहित स्कूल के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा वरिष्ठ सहित्यकार एव स्कूल केपप्रचार शिक्षक-शिक्षिकाएं समस्तछात्र छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथिद्वारा शिक्षा और अध्ययन कामहतव समझाया गया। मुख्य अतिथि ने शिक्षा प्रोत्साहन राशि की घोषणा की।आपने कक्षा दसवीं टाप करने वाले विद्यार्थियों को इसी विद्यालय में आगे की पढ़ाई करने में सहयोग की घोषणा भी की। सर्वोदय विद्यापीठ को अतिथिके द्वारा हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।नगर में एक मात्र साहित्य कार है आनंद प्रकाश शर्मा जिन्होंने मध्यप्रदेश सरकार से लेकर देश भर के विभिन्न बड़े महानगरों देश विदेश की हस्तियों के कर कमलों से सम्मानित हुए है। सर्वोदय विद्यापीठ में सबसे अधिक गरीब तबके के बच्चे को भी शिक्षा दी जाती है। यहां पर सिर्फ शिक्षा ही दी जा रही है। व्यवसाय शिक्षा का नहीं किया गया है। पालकों ने कहा कि ऐसे स्कूलों को सरकार को बढ़ावा देने की अपील की है।

### अरुण बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष नियुक्त




**इटारसी।** श्री बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हितेश विश्वकर्मा के निर्देश पर मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी प्रमोद शर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश प्रजापति ने अरुण भाट निवासी इटारसी को जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया।

### गणेश प्रतिमाओं में दिखेगी पर्यावरण की झलक

# रेल कर्मचारियों का अनोखा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



गणेश उत्सव के अवसर पर इटारसी के रेलकर्मी इस वर्ष भी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। इस पहल में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ देशभक्ति और मेड इन इंडिया की झलक देखने को मिलेगी।


चीफ यार्ड मास्टर विनोद चौधरी, जो पिछले दस वर्षों से स्वच्छ पर्यावरण को लेकर सक्रिय हैं, ने अपने सहयोगी रेलकर्मियों और परिवारजनों के साथ मिलकर इस बार "ऑपरेशन सिंदूर" और मेड इन इंडिया थीम पर आधारित प्रतिमाओं का निर्माण किया है। प्रतिमाओं में मिट्टी से बने श्री गणेश के एक हाथ में सिंदूर की डिब्बी और दूसरे हाथ की चुटकी में सिंदूर है। जिस गोल पट्टे पर भगवान गणेश विराजमान हैं, उस पर पाकिस्तान का नक्शा अंकित है, जहाँ भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। प्रतिमाओं के आधार पर मेड इन इंडिया का स्लोगन और रामचरितमानस की पंक्तियाँ भी अंकित की गई हैं। इस अभियान के तहत इस वर्ष लगभग सवा सौ प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, जिन्हें निशुल्क वितरित किया जाएगा। इस कार्य में रेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, उनकी पत्नियाँ और बच्चे भी सहयोग कर रहे हैं। प्रतिमा निर्माण में सहयोग देने वालों में डिप्टी एसएस विनोद कुशवाह, दिलीप यादव, गोपाल कुशवाह, आनंद तिवारी आदि का योगदान रहा।

# हेमराज मुख्तियार मामले में आयोग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सांसद दर्शन सिह चौधरीके निज निवास गांव चांदौन में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद हेमराज मुख्तयार के घर पर गुरुवार शाम बनखेड़ी पुलिस के अधिकारी एस आई मनमोहन सिंह ठाकुर ए एस आई अनिल ठाकुर आरक्षक संयोगिता वर्मा वर्षा बसेडिया सहित अन्य शराब ठेकेदार मैनैजर कमलसिह रूद्र प्रताप सिंह तथा अन्य बल के साथ मुख्तयार के घर छापामार कार्रवाई करते हुए घर का घेराव किया गया था। कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल ने काफी दुखी व्यक्त किया है। पुष्पराज पटेल नेकहा है कि राजनीतिक षड्यंत्र रचा है। जबरदस्ती ऐसेलोगों पर दाग लगाने का प्रयास किया है।जो काफी निंदनीय कृत्य है। मुख्तियार परिवारकी छवि को धूमल किया जा रहाहै। भाजपा विधायक दल के समर्थक एवं भाजपा के वटवृक्ष के परिवार के खिलाफ इस तरह का षड्यंत्र निंदनीहै। पुलिसशासनके अनुसार अवैध शराब बेचने कीशिकायत प्राप्तहुई थी। लेकिन मौके पर इस तरह का कुछ नहीं पाया गया है। इस कार्रवाई से आहत होकर हेमरा जमुख्तार के द्वारा मानव अधिकार आयोग को मामलेकी जांच करने का आवेदन दिया गया है। आवेदन को मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान में लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारी सभी उपस्थित कर्मचारियों की जांच का आसवासन दिया है। एसपी गुरकरन सिंह ने कहा कि जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस एसडीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### संदीपनी विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित, खेल का भी आयोजन किया



**पिपरिया।** संदीपनी विद्यालय में प्रकाश खंड स्रीय फुटबॉल काआयोजन किया गया। प्रतियोगितामे विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी प्राचार्य संजीव दुबे के निर्देशन में १४एवं १७वरष के आयु वर्ग की टीमों ने सहभागिता की। खेल में संदीपनी विद्यालयमे के१७वरस के विजेता बने तथा उप विजेता सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल के १४ वर्ष के रहे।सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। तथा अंतरिक्ष दिवस भी मनाया गया। राष्ट्रीयअंतरिक्ष दिवस पर प्रचारसंजीव दुबे ने अंतरिक्षकेबारे में रोचक जानकारी दी गई। बच्चों के द्वारा अनेकों माडल चित्र तैयार किया गया।

# जिला स्तरीय शिविर में की रासेयो इकाई विद्यार्थियों ने सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने गत दिवस माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में जिला स्तरीय प्रशिक्षण में सहभागिता की है। जानकारी अनुसार जिला स्तरीय यूथ एज चैंपियन फॉर चाइल्ड प्रोटक्शन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सोहागपुर कॉलेज के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी भी सहभागी बने। कार्यक्रम में आवास अधिकारी प्रशांत दुबे ने बालकों के मानवाधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में भोपाल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रशिक्षक राहुल सिंह परिहार ने क्षेत्रीय कार्यक्रम अधिकारियों से अब तक संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। जिला संगठक डीएस खत्री ने रासेयो की वार्षिक गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में सोहागपुर कॉलेज से कार्यक्रम अधिकारी आसिया खान एवं स्वयं सेवक प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटों में जिले में 3 मिमी औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 3.1 मि.मी., टिमरनी में 5.4 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 6.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 0.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 806.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 698.9 मि.मी., टिमरनी में 1014.2 मि.मी., खिरकिया में 878.3 मि.मी., सिराली में 740.7 तथा रहटगांव में 702.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 24 अगस्त तक 736.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### बिजलीकर्मी के साथ विवाद, मामला दर्ज

**हरदा।** शहर में बिजली कंपनी के वरिष्ठ परीक्षण सहायक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रायल सिटी कॉलोनी निवासी 56 वर्षीय राजेंद्र चौहान मंगलवार दोपहर ऑफिस से घर लौट रहे थे, तभी राजधानी कॉलोनी मोड़ पर उनकी स्कूटी को कार्तिक भिलाला की कार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों मौके से चले गए। करीब सवा 3 बजे जब चौहान वापस ऑफिस जा रहे थे, तब कार्तिक ने उन्हें रोककर गालियां दीं और स्कूटी की चाबी छीन ली। उसने चौहान को सिविल लाइन थाने में मिलने की धमकी दी और वहां से चला गया। थाने में दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाने से इनकार कर दिया। शाम करीब 6 बजे जब राजेंद्र चौहान ऑफिस से घर लौट रहे थे, तब बिजली कंट्रोल रूम के पास कार्तिक ने उन पर प्लास्टिक पाइप से हमला कर दिया। उनके कंधे और पैर में चोट आई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी जल्द होने की बात कही है।

### 13 नवंबर को होगा अंतिम प्रकाशन

**सीहोर।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को होगा। रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें।

---

### डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

# शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता भी बढ़ती है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने की वहीं विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। वर्तमान समय में जीवन में एकाग्रता अति आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को कहा कि खेल अनुशासन संयम और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में किसी भी खेल से जुड़ाव रखना चाहिए। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता की सबसे महत्वपूर्ण खासियत यह थी कि इसमें 8 वर्ष की आयु से 70 वर्ष आयु के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी बुद्धिमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, खंडवा, बैतूल, सिवनी बनापुरा, खातेगांव, कन्नौद सहित अन्य स्थानों के 125 खिलाड़ियों ने अपनी बुद्धि को आजमाते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के 66 खिलाड़ी एवं ओपन वर्ग में 59 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में इंदौर से आए आर्बिटर विवेक विश्वकर्मा, पवन यादव, प्रिंस लोगे, राहुल सराठे, राजेश गौर, कमल मृदुलकर, रामगोपाल रघुवंशी निर्णायकों ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक जैन, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, सचिव पी.सी. पोर्ते, मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, उपाध्यक्ष जय शंकर कानवा, रामनिवास जाट, राजेश बिलिया, मनीष प्रजापति, अनिता मिश्रा सहित बच्चों के माता-पिता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रतियोगिता में अण्डर 15 वर्ग में प्रथम स्थान रजित चौहान, द्वितीय स्थान प्रज्जवल चौहान, तृतीय स्थान वैष्णवी राजपूत, चतुर्थ स्थान शिवांश गौर, पंचम स्थान अलौकिक राय, षष्टम स्थान आरूष मालाकार, सप्तम स्थान विशाल निमारे, अष्टम स्थान पर्वराज गौर, नवम स्थान लक्ष्मी रनसूरमा तथा दशम स्थान मनोमय रनुरमा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में प्रथम स्थान वैभव तोमर, द्वितीय स्थान अनमोल सिंह चौहान, तृतीय स्थान वैभव नेमा, चतुर्थ स्थान हरेन्द्र सिंह सोलंकी, पंचम स्थान सिद्धार्थ जैन, षष्टम स्थान विक्की मालवीय, सप्तम स्थान योगेन्द्र राजगुरे, अष्टम स्थान अक्षय तोमर, नवम स्थान आयुष उपाध्याय तथा दशम स्थान आशीष कुमार यादव ने प्राप्त किया।



---

### प्रखंड रहटगांव में आयोजन

# विहिप का 61वां स्थापना दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

प्रखंड रहटगांव में विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के उद्देश्यों और कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

साथ ही, विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की आवश्यकता क्यों पड़ी, इस पर भी प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में आसपास के तीनझचार गाँवों से आई हुई महिलाएँ एवं बालिकाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विनय गौर, रेखा विश्नोई, कमला सोनी, तनुश्री सोनी, महक विश्वकर्मा, शुभांशु विश्वकर्मा, अनुराग मीणा, श्रेयांश राठौर, प्रथम गौर, आयुष गौर सविता गौर एवं अनीता गौर उपस्थित थे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का विशेष संकल्प दिलवाया गया। रेखा विश्नोई ने कहा कि आज यदि हम पर्यावरण को नहीं बचाएंगे, तो कल हम स्वयं भी सुरक्षित नहीं रह पाएंगे। तनुश्री सोनी ने दुर्गा वाहिनी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें आत्मरक्षा के लिए स्वयं को तैयार करना है। संगठन को मजबूत बनाना है और महिलाओं की शक्ति को जगाना है। बैठक का समापन मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों के संकल्प के साथ हुआ कि वे समाज में संगठन की शक्ति को बढ़ाएँगी और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करेंगी।

#### पूजा बनी संयोजिका

*इसी दौरान दुर्गा वाहिनी प्रखंड रहटगांव कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें प्रखंड संयोजिका पूजा गौर, सह संयोजिका निधि तिवारी सह संयोजिका, भूमिका राजपूत और विद्यार्थी प्रमुख भूमिका प्रजापति को बनाया गए। इसके साथ ही सह विद्यार्थी प्रमुख आस्था काले, सत्संग प्रमुख ऋषिका गौर, साप्ताहिक मिलन प्रमुख खुशी तारे को बनाया गया।*

---

# नई शिक्षा नीति पर आयोजित हुई महत्वपूर्ण शिक्षक संगोष्ठी

**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में नई शिक्षा नीति पर एक महत्वपूर्ण शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिक नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना। इस अवसर पर बी ई ओ मैडम दीपा कीर ने संगोष्ठी में कहा कि जिले के सभी चयनित शिक्षकों ने शिक्षक संगोष्ठी प्रतियोगिता में शानदार व्याख्यान दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्ष और जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन मैडम ने कहा कि शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों से परिचित कराना और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था।

विशेष अतिथि के रूप में आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर के प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहां कि शिक्षक संगोष्ठी में उपस्थित छात्रों को सोचने, समझने और समस्याओं को रचनात्मक तरीके से हल करने में सक्षम बनाना है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंकुर शर्मा, ने नवाचार, रचनात्मकता को स्पष्ट करते हुए, बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने गुरु, आचार्य सांदीपनि से 64 कलाओं को 64 दिन में सीखकर पृथ्वी की विसंगतियों में सुधार कर दिया था। उक्त कथन से नवाचार की सार्थकता सिद्ध होती है। प्रतियोगिता में शिक्षकों ने उच्च स्तरीय और सराहनीय संबोधन से नई शिक्षा नीति की गुणवत्ता को स्पष्ट किया है। संगोष्ठी में चर्चा परिचर्चा से ज्ञात हुआ कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी।



संगोष्ठी में प्रतियोगिता कर रहे सभी शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास और 21वीं सदी के कौशल पर जोर देती है। संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा को अधिक समग्र, बहु-विषयक और व्यावसायिक बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही, शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर भी विचार किया। एक्सीलेंस विद्यालय के ऐतिहासिक मंच से कार्यक्रम का संचालन कर रहे , माधव सिंह यादव ने शानदार संचालन कर, कार्यक्रम के समापन अवसर पर खुशबू राठौर, शास. उमावि. चरनाल और संजय श्रीवास्तव, सांदीपनि विद्यालय भैरुंदा को विजेता घोषित किया गया। शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। उक्त दोनों विजेता प्रतिभागी , राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

डॉक्टर राजेंद्र देशमुख सर ने प्रतिभागी शिक्षकों व सम्माननीय मंच पर उपस्थित अधिकारी गण का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्माननीय निर्णायक मंडल समिति में सर्व डॉ. दीपक बिसोरिया, सुषमा श्रीवास्तव मैडम, सुनीता जैन मैडम एवं आयोजन समिति में, एन एस एस ऑफिसर डी के राय सर, संतोष सोनी सर,डॉ. देवेंद्र साहू सर,जय किशन जोशी सर, मनोज व्यास सर, माधव सर,सहित वरिष्ठ वर्ग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# लाडकुई के पीएम श्री स्कूल को मिला लाइट हाउस का दर्जा

**भैरुंदा।** शिक्षा के क्षेत्र में जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में भैरूंदा तहसील के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाडकुई को लाइटहाउस पीएम-श्री स्कूल का प्रतिष्ठित दर्जा दिया गया है। यह सम्मान पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और नई शिक्षा नीति 2020 के सफल कियान्वयन के लिए दिया जाता है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि देश भर के 664 और मध्य प्रदेश के लगभग 700 पीएम-श्री स्कूलों में से लाडकुई को चुना गया है। यह स्कूल अब शिक्षा के क्षेत्र में एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य करेगा।

**क्या है 'लाइट हाउस' का दर्जा :** 'लाइटहाउस' का दर्जा उन स्कूलों को दिया जाता है जो शिक्षा के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता के विकास पर भी जोर देते हैं। ये स्कूल 'लीडर इन मी' जैसे कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं, जिससे छात्रों में नेतृत्व के सिद्धांत और सकारात्मक सोच विकसित होती है।

लाडकुई स्कूल ने अपनी सराहनीय शैक्षिक पहलए 21वीं सदी के कौशलों पर आधारित शिक्षा और छात्रों के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण यह प्रतिष्ठित दर्जा हासिल किया है।




#### पीएम-श्री योजना, शिक्षा का नया युग

यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया' (पीएम-श्री) योजना का हिस्सा है। इस योजना के तहत देश भर के लगभग 14,500 मौजूदा स्कूलों को आधुनिक बनाया जा रहा है। ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं को लागू करने वाली प्रयोगशालाओं के रूप में काम कर रहे हैं। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएं, खेल सुविधाएं और नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही इन्हें पर्यावरण के अनुकूल 'ग्रीन स्कूल' के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।


**भोपाल में सम्मान समारोह :** लाडकुई स्कूल की इस सफलता पर भोपाल में आयोजित एक सम्मान समारोह में स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार नागर को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुक्त शिल्पा गुप्ता और संचालक डीएस कुशवाहा ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह अन्य स्कूलों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। लाडकुई की यह सफलता अन्य विद्यालयों को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

---

### आर्यसमाज मंदिर में जारी वेदकथा

# भूगोल शब्द वेदों से आया है : आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी

**सीहोर।** तप-पुरूषार्थ करने वाला ही ईश्वर क्रपा पाने का अधिकारी होता है। आलसी व्यक्ति ईश्वर आज्ञा का उल्लंघन करता है। ज्ञान मुक्ति का साधन है जबकि दुखों का मूल अज्ञान है। भूगोल शब्द वेदों से आया है अन्य मतों में विज्ञान विरूद्ध बाते हैं,वेद अपुरोषीय हैं।यह विचार महर्षि दयानंद मार्ग गंज स्थित आर्यसमाज मंदिर में जारी वेदकथा के दौरान बिजनौर उ.प्र. से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने व्यक्त किए।। उन्होंने कहा कि गायत्री को गुरु, सविता व महामंत्र भी कहा जाता है।इसके अर्थ में हमें पापों से छुड़ाने तथा बुद्धियों को प्रकाशित करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई है।आचार्य वेदार्थी ने कहा कि इतिहास से विभिन्न मजहब मत सम्प्रदाय से उनके प्रवर्तकों को हटा दिया जाए,तो वह धाराशायी हो जायेंगे,किंतु सनातन वैदिक धर्म-संस्कृति किसी व्यक्ति पर आधारित नही है।मनुष्य केजीवन से धर्म निकल जाने से वह पशु तुल्य रह जाता है। मोक्ष का अर्थ दुखों,जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति है।सर्वज्ञ ईश्वर कभी मनुष्य की परीक्षा नही लेता है। सोमवार से जारी वेद प्रचार सप्ताह का समापन रविवार को गंज स्थित राठौर धर्मशाला में प्रातः08 बजे वृहदयज्ञ में शामिल 101जोड़ों द्वारा प्रदत्त पूर्णाहूति से दोपहर 12 बजे होगा।संचालन आर्यसमाज के प्रधान नरेश आर्य ने किया एवं आभार रमेश आर्य ने व्यक्त किया।इसके पूर्व भजनोपदेशक प.भीष्म आर्य के गीतों,भजनों की संगीतमयी प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने जमकर सराहा। कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता संतोषसिंह,उपप्रधान तरुण जगवानी,मंत्री रितेश आर्य,आर. एस गौर,राजेन्द्र राठौर,बाबूलाल राठौर,सुरेंद्र राठौर,रामदीन राठौर सहित बड़ी संख्या में आर्यजन श्रद्धालु,महिलाएं शामिल रहे।



---

### स्वर्गीय भारतीय ने साहित्य के प्रत्येक पहलुओं को गहराई से समझा : रघुवर दयाल गोहिया



**सीहोर।** स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में मूर्धन्य पत्रकार स्वर्गीय अंबादत भारतीय जी की 12वीं पुण्य तिथि पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बैनर तले विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार प्रमोद जोशी ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष गहलोत रहे। विशेष अतिथि सर्व ओम दीप, भाजपा नेता कमलेश कटारे एवं डॉ. एस . आर. गट्टानी रहे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार एवं अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया ने भारतीय जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जी बहुमुखी प्रतिभा संपन्न व्यक्तित्व थे। पत्रकारिता के अलावा सामाजिक सरोकारों के प्रति उनका गहरा समर्पण था। 1965 से लेकर 2012 तक वह अपनी कलम निर्भीकता से चलाते रहे। पार्वती आंदोलन, तोप चोरी कांड, नव ज्योति संगठन के अभा कवि सम्मेलन, संपूर्ण साक्षरता अभियान, रंगकर्म जैसी विधाओं में आपने अपनी क्षमता और दक्षता का बखूबी परिचय दिया। अपने हर काम को वह पूरी जिम्मेदारी, सादगी और पूर्णता के साथ करते थे। साहित्य के हर पहलू को उन्होंने गहराई से समझा।

---

### देशी गाय के गोबर व मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं घर-घर स्थापित करने का दिया संदेश

# मूर्ति बनाने के लिए महिलाओं ने बच्चों दिया प्रशिक्षण: घर-घर में विराजेंगी गोबर और मिट्टी से बनी इको फ्रेंडली बप्पा की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

भादों मास और शुक्ल चतुर्थी दिन बुधवार 27अगस्त को शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएंगी। इस समय गणेश उत्सव को लेकर बड़े, युवा और मातृशक्तिया सहित नन्हें, मुन्ने बच्चों में काफी उत्साह भी देखने को मिल रहा है। वहीं देशी गाय के गोबर और मिट्टी से बनी गणेश मूर्तियां की स्थापना करने, कई गतिविधियां से महिलाएं, पुरुष, युवा छोटे नन्हें मुन्ने बच्चे मिट्टी और गोबर से गणेश जी की मूर्तियां बनाकर जागरूकता अभियान चलाकर एक संदेश भी दे रहे हैं।

महिला समन्वय जिला संयोजिका राधिका जैमिनी ने बताया मिट्टी और गोबर में पांच तत्वों का वास माना जाता है, गोबर में मां लक्ष्मी का वास होता है। जब भी कोई शुभ कार्य करते हैं तो देवी देवताओं के स्थान को गाय के गोबर से लीपा जाता है, इस गणेश उत्सव पर स्वयं के हाथों से श्री गणेश प्रतिमा बनाकर घरों में, उत्सव पर देशी गाय व मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा को अपने घर घर में बिराजमान करे। भादो मास के आते ही जगह गणेश उत्सव की पूर्व तैयारी होने लगी है ,इसी तत्वाधान सेवा भारती,महिला समन्वय मातृशक्ति , की बहनों द्वारा 21. अगस्त रविवार समय 5:00 बजे स्थान गायत्री मंदिर में श्री गणेश प्रतिमा का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।सभी बहने आए और आने वाले गणेश स्थापित करें ,पूजा अर्चना कर ,धूमधाम से उत्सव मनाए ,उत्सव के उपरांत गणेश जी की प्रतिमा को साफ पात्र में साफ जल में ही विसर्जन किया जा सकता है ।एवं इस जल का उपयोग गमले वृक्ष में भी किया जा सकता है। जिससे पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दिया जा सकता है। भगवान श्री गणेश की प्रतिमा इको फ्रेंडली रहेगी। जिससे प्रदूषण नहीं फैलता है।



#### सबसे सुंदर गणेश प्रतिमा बनाने पर पुरस्कृत किया जाएगा

आज रविवार को जो भी मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी बहने सीखकर घर से प्रतिमा बनाकर लाएंगी ,उन्हें प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सभी बहने और मातृशक्ति आए और लाभ ले।